# वन अनुसंधान संस्थान में 01 से 14 सितंबर, 2021 तक मनाया गया हिंदी पखवाड़ा

राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु संस्थान में 01 से 14 सितंबर तक हिंदी अनुभाग के सौजन्य से हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी निबंध, हिन्दी टंकण, प्रारूप एवं टिप्पण लेखन, भाषण, स्वरचित कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पखवाड़े का शुभारंभ दिनांक 1 सितंबर , 2021 को हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के साथ किया गया। पखवाड़े के दौरान संस्थान में नवनियुक्त अवर श्रेणी लिपिक एवं तकनीशियन हेतु दिनांक 8 सितंबर, 2021 को "राजभाषा हिन्दी एवं टिप्पण व प्रारूप लेखन" शीर्षक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

पखवाड़े का समापन दिनांक 14 सितंबर, 2021 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर संस्थान के दीक्षांत गृह में संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन करते हुए किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए । कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक महोदय श्री अरुण सिंह रावत , भा.व.से., श्री आर.पी. सिंह, प्रमुख वन संवर्धन , डॉ. एन.के. उप्रेती , समूह समन्वयक , श्री एस. के. थॉमस , कुलसचिव, सभी प्रभाग प्रमुख , विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरुआत श्री एस. के. थॉमस , कुलसचिव के स्वागत भाषण से किया गया। उसके उपरांत देश के गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी का हिंदी दिवस पर राष्ट्र के नाम आडियो-वीडियो संदेश सुनाया गया। निदेशक महोदय श्री अरुण सिंह रावत जी ने अपने सम्बोधन में हिन्दी के महत्व पर ज़ोर डालते हुए सभी कार्मिकों को ज्यादा से ज्यादा हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राजभाषा हिन्दी में काम करना हमारा संवैधानिक दायित्व तो है ही साथ ही हिन्दी में कार्य करना हमारा व्यक्तिगत रुचि होना चाहिए।

हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में श्री आशीष कुमार , कु. आकांक्षा शुक्ला , श्री गौरव नेगी एवं श्री राजू को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में श्री अनिल सिंह , श्री नितीश मठपाल , श्री गौरव नेगी एवं श्री आशीष कुमार वियजी हुयेँ। हिंदी टंकण प्रतियोगिता में कु. कीर्ति रावत , श्रीमती चंद्रप्रभा , श्री मोहित वर्मा एवं श्री अक्षय सैनी

विजेता रहें। भाषण प्रतियोगिता में श्री विपुल शर्मा, श्री गौरव नेगी, श्री रुद्रदेव शर्मा एवं श्री अक्षय सैनी को पुरस्कृत किया गया। स्वरचित कविता में श्री गौरव पाण्डेय , श्री उमा शंकर, श्री किशन कुमार एवं श्री मोहित बिष्ट पुरस्कार विजेता रहें।

इस दौरान वित्तीय वर्ष 2020-21 की अवधि में निरंतर हिन्दी कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रगति करने वाले अनुसंधान कार्यालयों की श्रेणी में वन पारिस्थितिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग एवं प्रशासनिक कार्यालय की श्रेणी में वन अनुसंधान सम विश्वविद्यालय कार्यालय को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में संचालक श्री शंकर शर्मा सहायक निदेशक (राजभाषा) ने अपने संबोधन में हिंदी पखवाड़े को सफल बनाने एवं पहले से भी अधिक बढ़-चढ़कर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी प्रतियोगियों का आभार व्यक्त किया तथा सभा में उपस्थित सभी के सप्रेम सहयोग पर भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल समापन में श्री दिनेश चंद्र, कनिष्ठ अनुवादक का भी सम्पूर्ण सहयोग रहा।

## पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की कुछ झलकियाँ



























हिंदी पखवाड़ा
01 सितम्बर से 14 सितम्बर 2021
आयोजक : हिंदी अनुभाग
वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून



हिंदी पखवाड़ा
01 सितम्बर से 14 सितम्बर 2021






01 सितम्बर से 14 सितम्बर 2021
आयोजक : हिंदी अनुभाग
अनुसंधान संस्थान, देहरादून












एक दिवसीय
हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला
विषय : "हिन्दी टिप्पण व आलेखन"
एवं "राजभाषा हिन्दी"
दिनांक : 8 सितम्बर, 2021




हिंदी पखवाड़ा





# हिंदी पखवाड़ा से संबंधित विभिन्न पत्रिकाओ में प्रकाशित समाचार



एफआरआई में मनाया गया हिंदी पखवाड़ा, विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

गढ़ संवेदना 15/09/2020



विज्ञान व भाषा में सामंजस्य पर जोर

राष्ट्रीय सहारा 15/09/2020



Garhwal Post
15-9-2021

FRI holds Hindi Fortnight Celebrations

गढ़वाल पोस्ट (Garhwal Post) 15/09/2021